## महत्वपूर्ण एवं खास

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए 5 अगस्त तक क्यूआर कोड से कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन

#### थलसेना अग्निवीर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी का शारीरिक दक्षता परीक्षा दिसंबर में होगा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु अप्रैल 2024 में परीक्षा आयोजित किया गया था, जिसका सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा परिणाम घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का शारीरिक दक्षता परीक्षा 04 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक के प्रथम रायगढ़ में निर्धारित है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन द्वारा सभी ब्लॉक में निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों को 1.6 किलोमीटर दौड़, बीम पुशअप, 9 फीट लंबी कूद और बैलेसिंग बीम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 5 अगस्त 2024 तक क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी रोजगार अधिकारी रामजीत राम से 9424184279 पर संपर्क कर सकते हैं। कौशल शारीरिक दक्षता परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु सेना भर्ती वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन www.joinindianarmy.nic.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### बीटेक, बीई स्नातक आवेदकों से नगरीय निकायों में ट्यूलिप इंटरट्रेनी हेतु 05 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों (नगरनिगम, नगरपालिका और नगर पंचायत) में बीटेक या बीई स्नातक आवेदकों से स्वच्छ ट्यूलिप कार्यक्रम अंतर्गत 12 सप्ताह (लगभग 3 माह) के लिए ट्यूलिप इंटर ट्रेनी हेतु 05 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए एकमुश्त देय राशि चार हजार पांच सौ (4500) रुपए है। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए वेबसाइट https://internship.aicte-india.org/ इंटर्नशिप डॉट एआईसीटीई डेस इंडिया डॉट ओआरजी है।

### सारंगढ़, सरिया, बरमकेला, बिलाईगढ़ और पवनी में 5 अगस्त को होगा जनसमस्या निवारण शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नगरपालिका और नगर पंचायत में निवासरत नागरिकों के बुनियादी कार्यों से जुड़े समस्याओं को दूर करने जनसमस्या निवारण शिविर सोमवार 5 अगस्त 2024 को नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के वार्ड 9 के लिए बड़े मठ रंगमंच में, नगर पंचायत बरमकेला में वार्ड 11 और 12 के लिए वार्ड 12 जोगी चौक में, सरिया के वार्ड 11 और 12 के लिए डॉ मंगल प्रधान घर के पास, नगर पंचायत बिलाईगढ़ में वार्ड 4,5,6,7,8,9 के लिए बिलाईगढ़ के बंगलाभांठा सोसायटी में और नगर पंचायत पवनी के वार्ड 2,9, 10 के लिए पवनी के नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित होगा।

# मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व का रंगारंग आयोजन

- किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारा ध्येय : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
- चारों ओर बिखरी छत्तीसगढ़िया छटा
- मुख्यमंत्री ने गौरी-गणेश और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की
- किसानों को ट्रेक्टर, हार्वेस्टर सहित अन्य कृषि यंत्रों का किया वितरण





**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का लक्ष्य है। हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य हैए यहां की 80 प्रतिशत आबादी का जीवन-यापन कृषि पर निर्भर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर खेती-किसानी को समृद्ध बनाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास में आयोजित हरेली तिहार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल डॉ.रमन सिंह के नेतृत्व में सरकार ने किसानों की बेहतरी के लिए काम किया है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण जैसी सुविधाएं सुलभ करायी गई। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रूपए का मूल्य मिल रहा हैए जो देश में सर्वाधिक है।

मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर्व पर रंगारंग आयोजन हुआ। पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के पहले पर्व हरेली पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी धर्मपत्नि कौशल्या देवी साय के साथ गौरी.गणेश पूजा कर भगवान शिव का अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य में प्रयुक्त होने वाले नांगर, रापा, कुदाल व कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की ख़ुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा वहां लगायी गयी उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अनुदान पर 23 किसानों को ट्रेक्टर और हार्वेस्टर की चाबी और अन्य कृषि उपकरण प्रदान किए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण देव, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉण् रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरी प्रतिबद्धता और सच्चे मन से

प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैंए फलस्वरूप ईश्वर का आशीर्वाद भी मिल रहा है। प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते छह माह में साय के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए बड़े काम किए गए है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक लता उसेंडी, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, संपत अग्रवाल, गजेन्द्र यादव, खुशवंत साहेब अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री निवास में राउत नाचा और गेड़ी धूम-** छत्तीसगढ़ी संगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा, राउत नाचा, गेड़ी नृत्य, रहचुली और विभिन्न छत्तीसगढ़ी पकवानों और व्यंजनों के आनंद के साथ मुख्यमंत्री निवास में मौजूद लोग उत्साह के साथ हरेली में शामिल हुए। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने राउत नाचा, करमा नृत्य, बस्तरिया नृत्य और गेड़ी चढ़कर नृत्य की प्रस्तुति दी। राउत नाचा के कलाकारों के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा धारण कर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

**मेहमानों के लिए बना छत्तीसगढ़ी पकवान-** हरेली त्यौहार के मौके पर मुख्यमंत्री निवास छत्तीसगढ़ व्यंजनों से महक उठा। हरेली तिहार में आने वाले मेहमानों के लिए खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पिडिय़ा, अनरसा, खाजा, करी लड्डू, मुठिया, गुलगुला भजिया, चीला-फरा, बरा जैसे स्वादिष्ट पकवान बनाए गए थे, जिसका मेहमानों ने लुत्फ उठाया।

# शराब रेड की दो अलग-अलग कार्यवाई में अंग्रेजी और महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से 40 लीटर महुआ शराब और 10 क्वाटर अंग्रेजी शराब जब्त, पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाई

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब, जुआ सट्टा, कबाड़ पर अंकुश लगाने पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मुखबीरों को सक्रिय कर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज सुबह थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से मिली सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तमनार चौक वरुण ढाबा के पास अलग-अलग स्थान पर दो शराब रेड कार्यवाही किया गया है। पुलिस टीम ने वरुण ढाबा के सामने आरोपी विवेक सहनी पिता सौदागर साहनी उम्र 39 साल मूल निवास ग्राम रेवा थाना सरईया जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल मुकाम पूंजीपथरा रायगढ़ को बिना नंबर NS 125 पल्सर बाइक में बोरी में अंग्रेजी और महुआ शराब रखकर ग्राहक तलाश करते समय पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से 500ml वाली 10 नग पन्नी पाऊच महुआ शराब कुल 5 लीटर तथा एक बोरी में अंग्रेजी मेकडॉवल नंबर के 05 क्वार्टर तथा एक बोरी में गोल्डन गोवा व्हिस्की के 05 क्वार्टर जुमला कीमती रु.2000 का शराब आरोपी से जप्ती कर आरोपी को थाना लाया गया।

वहीं एक अन्य कार्यवाही में वरुण ढाबा के सामने खंडहर नुमा मकान पर अवैध बिक्री के लिए शराब छुपा कर रखे आरोपी उग्रसेन साहू पिता मुंडूराम साहू उम्र 35 साल निवासी ग्राम गोदगोदा थाना पूंजीपथरा के कब्जे से पुलिस ने 15 और 10 लीटर क्षमता वाले 3 प्लास्टिक डब्बा में कुल 38 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में क्रमशः अपराध क्रमांक 186, 187 धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की, अमित तिर्की आरक्षक ओमप्रकाश तिवारी, विक्रम कुजूर, राजेश कुमार बंजारे और आरक्षक नरेंद्र कुमार पैकरा शामिल थे।

# बाइक पर शराब तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार, आरोपी से 12 लीटर महुआ शराब और बाइक जब्त

- कोतरा रोड पुलिस की अवैध शराब पर कार्रवाई

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब,जुआ सट्टा, कबाड़ पर अंकुश लगाने की दिशा में कोतरारोड़ पुलिस सूचनाओं पर लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा थाने के सभी स्टाफ को ड्यूटी दौरान अवैध गतिविधियों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में दिनांक 04/08/2024 हरेली त्यौहार पर शांति व्यवस्था ड्यूटी एवं अवैध शराब की तस्करी पर निगाह रखने थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा अपने स्टाफ को निर्देशित किया गया था, किरोड़ीमल क्षेत्र में ड्यूटी पर लगे स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स पर एक व्यक्ति किरोड़ीमल से परसदा की ओर अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कोतरारोड़ पुलिस द्वारा चिरईपानी तिराहा के पास नाकेबंदी किया गया दोपहर करीब 2:00 बजे मोटरसाइकिल पर संदेही युवक को पकड़ा गया पूछताछ पर संदेही अपना नाम किशनलाल सारथी पिता कुलधर सारथी उम्र 21 साल निवासी मिलूपारा तमनार हाल मुकाम ग्राम परसदा थाना भूपदेवपुर का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से पुलिस ने 12 लीटर महुआ शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 14 एमपी 6980 को जप्त किया गया है। आरोपी के कृत पर थाना कोतरारोड़ में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक शंकर राम कालो, आरक्षक चंद्रेश पांडेय और शिवा प्रधान शामिल रहे।

# कोतवाली पुलिस ने लापता बालिका को जम्मू कश्मीर से किया दस्तयाब

- पुलिस ने आरोपी युवक को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर गुम नाबालिकों की खोज के विशेष अभियान में कोतवाली पुलिस ने शहर से लापता हुई बालिका को जम्मू कश्मीर जाकर दस्तयाब किया गया और बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लायी जिसे आज दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक 20 जून 2023 को थाना कोतवाली में बालिका के पिता द्वारा बालिका के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 18 जून की रात्रि बालिका बिना बताए कहीं चली गई है, कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र 448/2023 धारा 363 आईपीसी दर्ज कर बालिका की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना में बालिका को सोहन सिदार पिता आसाराम सिदार उम्र 27 साल निवासी ईशानगर रायगढ़ द्वारा बहला-फुसलाकर भाग ले जाने की जानकारी मिली। दोनों लगातार एक शहर से दूसरे शहर अपना लोकेशन बदल रहे थे। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा बालिका व संदेही युवक का लोकेशन लिया जा रहा था जिनका बंद मोबाइल पुनः एक्टिवेट होने और लोकेशन जम्मू कश्मीर प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर कोतवाली पुलिस टीम जम्मू कश्मीर रवाना हुई। जहां हीरानगर थाना क्षेत्र के पक्का कोठा कस्बे में संदेही सोहन सिदार को हिरासत में लिया गया। सोहन सिदार मजदूरी का काम कर रहा था जिसे पूछताछ कर बालिका तक पुलिस पहुंची दोनों को स्थानीय थाने लाया गया और फिर रायगढ़ लायी। बालिका का कथन और मेडिकल पश्चात प्रकरण में धारा 366, 376 (2)एन आईपीसी, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित कर कल आरोपी सोहन सिदार की गिरफ्तारी दर्ज की गई जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर गुम बालिका की पतासाजी और आरोपी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक ऐनु देवांगन, सहायक उप निरीक्षक राकेश शर्मा, आरक्षक मनोज पटनायक और गोविंद पटेल की अहम भूमिका रही है एवं सायबर सेल का विशेष योगदान रहा।

# चलित थाने में छाल पुलिस ने दी ऑनलाइन फ्रॉड और उनसे बचाव की जानकारी

**रायगढ़**



दिनांक 04/08/2024 को छाल पुलिस द्वारा एसईसीएल 1 कालोनी नवापारा छाल में चलित थाना लगाकर रहवासियों को ऑनलाइन फ्रॉड तथा विविध अपराधों से जागरूक किया गया। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को महिला संबंधित अपराध, बैंकिंग फ्रॉड, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देकर अपराध से बचाव के तरीकों के संबंध समझाइश दिया गया। कार्यक्रम में उन्होंने सुरक्षित यातायात के लिए वाहन चलाने के दौरान ओवर स्पीड से बचने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं देने कहा गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने बताये। टीआई हर्षवर्धन सिंह ने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा शराब, सट्टा, जुआ में पूर्णत: रोक लगाने पुलिस को सूचना देने अपील करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी छाल के साथ सहायक उप निरीक्षक कैलाश दुबे, प्रधान आरक्षक छबिलाल पटेल तथा नवापारा कालोनी के महिला-पुरुष, बच्चे बुजुर्ग उपस्थित थे।

## छुट्टी के दिन भी जारी रहा डेंगू नियंत्रण अभियान

# कलेक्टर गोयल के साथ जिला प्रशासन की टीम प्रभावित इलाकों का डोर टू डोर सर्विलेंस के लिए पहुंची

- कलेक्टर गोयल ने निरीक्षण कर, जनसामान्य को सतर्क रहने एवं जल जमाव नहीं होने देने की अपील
- डेंगू लार्वा को नियंत्रित करने बंद पड़े घरों और गोदामों के मालिक करे सहयोग, अन्यथा होगी कार्यवाही
- नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा घर-घर दस्तक देकर किया जा रहा सोर्स रिडक्शन

**रायगढ़**





डेंगू सोर्स रिडक्शन के लिए आज रविवार को छुट्टी के दिन कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के साथ स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम शहर के वार्ड में उतरी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

शहर में डेंगू के प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वार्ड क्रमांक 12 व 13 के गली और मोहल्ले में पहुंच कर घरों, बंद पड़े मकान, बड़े शॉप के गोदाम एवं कबाड़ में सोर्स रिडक्शन करने ऐसे गोदाम, बड़े भवन, स्टोर रूम आदि जगहों पर लोगों को साफ -सफाई के लिए समझाइश दी है। इसके साथ ही जहां नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम को प्रवेश करने नही दे रहे हैं, वहां पुलिस के जवान भी साथ में देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निगम को वार्ड के ऐसे घर एवं बड़े भवन जहां लोग नही रह रहे हैं। ऐसे भूमिस्वामी से संपर्क कर साफ -सफाई करवाने अथवा निगम से साफ -सफाई करवा कर राशि वसूल करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने रैपिड रिस्पॉन्स टीम को वार्ड के सभी छतों और ऐसे स्थानों में अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए जहां डेंगू के लार्वा पनप सकते है। इस दौरान खुले में पड़ी कंडम गाडिय़ों के मालिकों से संपर्क कर साफ -सफाई करवाने एवं कंडम गाडिय़ां को उन स्थानों से हटवाने के निर्देश नगर निगम और एसडीएम को दिए। कलेक्टर गोयल ने समझाइश के बाद भी लापरवाही बरतने वाले लोगों पर पेंडेमिक एक्ट के तहत् नगर निगम को कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि डेंगू के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम प्रतिदिन कार्य कर रही है। आज रविवार को टीम भी मुस्तैदी से अपने कार्य में लगी हुई है। डेंगू को देखते हुए राज्य स्तर से टीम भी सर्वे के लिए रायगढ़ पहुंची हुई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि डेंगू के लिए सभी को मिलकर गंभीरता से प्रयास करने होंगे। उन्होंने घरों को बंद करके गए लोगों को टीम का सहयोग करने को कहा, ताकि उन जगहों पर जलजमाव के कारण डेंगू से मोहल्ले के लोग प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रकरणों में गिरावट लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड पार्षद व जनप्रतिनिधियों को वार्डवासियों के साफ -सफाई एवं डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरुक करने के साथ ही जनसामान्य को डेंगू से सतर्क रहने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि डेंगू के बढ़ते प्रकरण के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में डेंगू सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से अधिक प्रभावित क्षेत्रों में घरों में पहुंच लोगों से मिलकर डेंगू संभावित स्थानों का निरीक्षण कर दवाईयों का मौके पर छिटकाव भी किया जा रहा है।

इस अवसर पार्षद जयंत ठेठवार, पार्षद सलीम नियारिया, प्रवीण द्विवेदी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, उपायुक्त नगर निगम सुतीषण यादव, तहसीलदार लोमस मिरी, सीएमएचओ डॉ.चद्रवंशी, डीआईओ डॉ. भानू पटेल, डीपीएम रंजना पैकरा, मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, सहित स्वास्थ्य एवं नगर निगम के कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480